स्व . राजा उमारमण प्रताप बहादुर सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

लोग शिक्षित एवं स्वस्थ रहें एवं ऊपर वाला खाता भरा रहे, इसलिए पूर्वजों के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से कर रहे सेवा : अक्षय प्रताप सिंह

नवभारत न्यूज

कोठी 29 अक्टूबर, स्वर्गीय राजा उमारमण प्रताप बहादुर सिंह महाविद्यालय प्रांगण में स्व. राजा उमारमण प्रताप बहादुर सिंह के 132 वें अवतरण दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण समारोह पूर्वक किया गया ।

मां शारदा मंदिर मैहर के प्रधान पुजारी पंडित पवन महाराज के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय की समिति एवं नगर एवं क्षेत्र के आसपास के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में आयोजन संपन्न किया हुआ। सर्वप्रथम राज परिवार , महाविद्यालय की समिति,उपस्थित जन समुदाय द्वारा मुख्य अतिथि पवन महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इसके उपरांत विद्यालय की छात्रा ने स्वागत गीत गया तदुपरांत प्रतिमा अनावरण विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच किया गया ।इस दौरान भजन एवं देवी गीतों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। कार्यक्रम के दौरान

महाविद्यालय के अध्यक्ष कुंवर अभय सिंह रोली भैया ने स्वागत भाषण में कोठी राज परिवार का इतिहास बताते हुए उनके उद्देश्य और उनके विचारों को बतलाया और उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय का अभिवादन किया । मुख्य अतिथि पवन महाराज ने सभी को आशीर्वचन प्रदान देते हुए देवी जी का संकीर्तन किया तथा प्रतिमा अनावरण के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के संस्थापक उत्तर प्रदेश एमएलसी एवं पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल (राज भवन जामो) ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि पूर्वजों की प्रेरणा व आशीर्वाद से प्रेरित होकर धर्म एवं संस्कृति सदैव स्थापित रहे इसके लिए सदैव प्रयास रत रहता हूं मेरा कोठी से गहरा नाता है मेरे पूर्वजों का नाता कोठी से गहरा है और मैं कोठी सदैव आता रहा हूं एवं कोठी मेरा परिवार है कोठी राज परिवार का सदस्य होने के नाते कोठी व आसपास के क्षेत्र से स्नेह रखता हूं ।

उन्होंने कहा कि एक बार फुटबॉल के मैदान में मैच के दौरान मैं यहां पर आया था वहां पर उपस्थित लोगों से मेरी चर्चा हुई कि यहां पर कोई महाविद्यालय नहीं है क्योंकि हमारे कोठी के राजा शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक थे और सन 1914 में कोठी में हायर सेकंडरी विद्यालय खोला गया था उस समय राजाओं का ही शासन काल था परंतु उसके बाद आज कोठी में महाविद्यालय सैकड़ो वर्ष तक नहीं खुल पाया जिसकी वजह से मेरे मन में विचार आया और सभी से मिलकर महाविद्यालय खोलने की रूपरेखा बनाई गई, क्योंकि मेरे पिता एवं मेरे बाबा स्वर्गीय श्री राजा उमारमण प्रताप बहादुर सिंह जी स्वयं बहुत शिक्षित थे और शिक्षा के लिए सदैव प्रयासरत थे कि क्षेत्र के लोग शिक्षित रहे जिससे वह स्वस्थ रहेंगे और सुखी भी रहेंगे जिसके लिए हमारे ग्रह ग्राम जामों में कई इंटर कॉलेज विद्यालय व अन्य समाज सेवी संस्थान की स्थापना की गई जिनकी संख्या अब बहुत हो चुकी है जिसमें सभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और देश के उच्च पदों पर पहुंच रहे हैं इसी भावना से कोठी में भी सन 2009 में महाविद्यालय की नींव रखी गई और कोठी में महाविद्यालय संचालित है जिसमें यहां के सभी सम्मानित जनों का सहयोग है मेरे द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं कि अधिक से अधिक लोग शिक्षित हो, मैं पिछले 25 वर्षों से राजनीति में हूं और प्रदेश तथा देश की सेवा कर रहा हूं कोठी से विशेष नाता होने की वजह से यहां पर भी महाविद्यालय खुलवाया गया शिक्षित होने की वजह से लोग धर्म के रास्ते पर चलेंगे और स्वस्थ रहेंगे जिससे एक ओर सेवा होगी और इससे कई परिवारों का भला होगा जिससे मेरा जीवन भी सार्थक होगा नीचे का खाता तो भरपूर भरा है ऊपर वाला भी खाता भर जाए इसके लिए निरंतर सेवा भाव से परोपकार के कार्यों में रत हूं।

उन्होंने कहा कि आज मां शारदा देवी धाम के प्रधान पुजारी पवन जी महाराज के कर कमलों से बाबा साहब जी की प्रतिमा का अनावरण हुआ आप सभी यहां पर पधारे आपका स्नेह और प्यार सदा इसी तरह बना रहे उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए सभी का आभार जताया। इस दौरान क्षेत्र के सम्मानित जनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा क्षेत्रीय पत्रकारों को साल पहनाकर सम्मानित किया । महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष सिंह ने सभी व्यवस्थाएं बनवाई एवं सभी को भोजन प्रसाद कराया गया ।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य रूप से राजा बहादुर हर्षवर्धन सिंह राजा कोठी राज परिवार के सदस्य एवं परिवार के लोग के साथ-साथ उमरघटना आश्रम के पीठाधीश्वर संत विवेकानंद सरस्वती, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह, सुखवंती बाई बुनकर नगर परिषद अध्यक्ष कोठी, राज्यवर्धन सिंह, रोहित सिंह ,दयाशंकर मिश्रौलिया, विष्णुकांत शर्मा , डॉक्टर राजकुमार सिंह चंदेल, राम जी गुप्ता व्यापारी संघ अध्यक्ष कोठी, गुरवेंद्र सिंह, बुधेंद्र सिंह, नलिनेंद्र मिश्र डब्बू,दिवाकर सिंह, सहेंद्र सिंह, अजय सिंह अज्जू, राघवेंद्र सिंह, उमेश सिंह पप्पू,रज्जे सिंह, अनुराग सिंह, विनय सिंह गुड्डा, यादवेंद्र सिंह पंजू, महेंद्र सिंह मिट्ठू, भैया जी उरमलिया ,कैलाश गुप्ता, केशव सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सिंह गहरवार,राम विश्वास पाल पप्पू, बूटी भाई आदिवासी, रिंकू गौतम,ईश्वर दिन चौधरी, पत्रकार अजय सिंह बृजेश गर्ग सोनू अनमोल मिश्रा शैलेंद्र सिंह बाबू दुर्गेश त्रिपाठी उमेश कुशवाहा नगर के सम्मानित जन, क्षेत्र के सम्मानित लोग व आसपास के कई सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग एवं महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

कोठी पुलिस ने बरामद किया प्रतिबंधित नशीली दवा

नशीली दवा के 416 कैप्सूल जब्त,1 गिरफ्तार ,3 की तलाश

नवभारत न्यूज

कोठी 29 अक्टूबर, थाना कोठी पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और अन्य तीन की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 28/10/2025 को मुखबिर से सूचना मिली की मिश्रौलिया काम्पलेक्स स्थित जय माँ दुर्गा हार्डवेयर दुकान का संचालक हेमंत शेखर पाठक अपनी दुकान में बिक्री हेतु नशे की अवैध प्रतिबंधित कैप्सयूल (दवा) रखे है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोठी प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी व्दारा तत्काल टीम रवाना कर रेड कराई गई जिस पर आरोपी हेमंत

शेखर पाठक पिता दद्दूलाल पाठक उम्र 31 वर्ष निवासी रोयनी वार्ड नं. 14 थाना कोठी जिला सतना के कब्जे से 52 पत्तों में कुल 416 नग प्रतिबंधित अवैध नशीली कैप्सयूल पाई गई जिसकी कीमत 3608 रु.जिन्हें जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आज दिनांक 29/10/2025 को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले मे अभी 3 नफर आरोपियों की तलास जारी है। इस कार्यवाही में परि. उ.पु.अ. आशुतोष त्यागी थाना प्रभारी कोठी, स.उ.नि. अश्वनीधर द्विवेदी, स.उ.नि. राजबहादुर सिंह, प्र.आर. भूपेन्द्र सिंह, आर. रामनरेश बैगा, आर. रिंकू जाटव, आर. विशाल नागर, आर. संजय यादव, म.आर. प्रतिमा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्राइवेट डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर भागे,कई मेडिकल स्टोरों के शटर दिन भर गिरे रहे

ड्रग इंस्पेक्टर ने की प्राइवेट क्लीनिकों और मेडिकल दुकानों में जांच

नवभारत न्यूज

नागौद 29 अक्टूबर, नगरीय क्षेत्र के प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले 90 फ़ीसदी डॉक्टरों की क्लीनिक बुधवार को बंद रहे, डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर भाग गए, वहीं नगर में संचालित चालीस मेडिकल स्टोरो में सिर्फ सात मेडिकल स्टोर खुले ,बाकी के शटर दिन भर गिरे रहे।

हुआ यह कि आज जिला मुख्यालय से मेडिकल दुकानों एवं दवा खाना की जांच करने ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चतुर्वेदी की अगुवाई में नागौद पहुंच कर जांच की गई है। टीम के आने की खबर के बाद कई डॉक्टर ने अपनी अपनी

क्लीनिक छोड़कर भाग गए तो कई दवा दुकानदारों ने दुकानों के शटर ही नहीं खोलें ।जांच टीम खुली दुकानों में जाकर मौके पर फार्मासिस्ट, मेडिकल लाइसेंस संबंधित जांच किया। जिसमें रवि मेडिकल स्टोर, नारायणी मेडिकल स्टोर, साईं मेडिकल स्टोर, सुशील अग्रवाल मेडिकल , गोविंद मेडिकल ,अग्रवाल मेडिकल स्टोर ,रजत गिरी मेडिकल खुले पाए गए। इन दुकानों में जांच टीम पहुंचकर दस्तावेजों की जांच किया एवं दुकान संचालकों को उचित निर्देश दिए फार्मासिस्ट इन दुकानों में उपस्थित पाए गए वही बस स्टैंड इलाके में स्थित एक मेडिकल स्टोर को फार्मासिस्ट नहीं होने कारण बंद कराया गया। लगभग सभी प्राइवेट क्लीनिक बंद होने के कारण इनकी जांच नहीं हो पाई जो मेडिकल स्टोर बंद थे उनकी जांच आगामी दिवस में होगी। उल्लेखनीय की नगर में संचालित दवाखाना एवं मेडिकल स्टोर शासन के नियमों के विपरीत चल रही है छिंदवाड़ा में हुए सिरप कांड के बाद शासन प्रशासन सतर्क हुआ एवं कार्यवाही करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं युवक कांग्रेस द्वारा भी एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर फर्जी डॉक्टर एवं फर्जी मेडिकल दवाखाना को बंद कराने की मांग की गई थी।

शमशान भूमि पर अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर ,जेसीबी जब्त

नवभारत न्यूज

उचेहरा 29 अक्टूबर, नगर परिषद उचेहरा के वार्ड 11 रामघाट में बरुआ नदी के किनारे शमशान भूमि में अवैध उत्खनन करते दो ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी जप्त कर पुलिस के सुपुर्द कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

इस मौके पर हल्का पटवारी राजेंद्र सिंह आर आई प्रभारी नायब तहसीलदार सहित थाना व नगर परिषद के राजस्व विभाग के जिम्मेदार मौजूद रहे । पंचनामा कार्यवाही उपरांत जप्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में थाना ले जाया गया । हासिल जानकारी अनुसार एक समाज द्वारा पूर्वजों से इस जगह पर संशकार करते चले आ रहे है धीरे धीरे अतिक्रमणकर्ताओं ने इस श्मशान की जमीन को भी नहीं छोंडा, वैसे अतिक्रमण का विरोध एक समाज के लोगों द्वारा कई बार किया लेकिन इनके हौंसले ब?ते ही गये जब आज फिर से इस जमीन पर मसीन से खुदाई शुरू हुई तो इस बार कुछ विवाद ब? गया और नगर परिषद अध्यक्ष सहित पुलिस व राजस्व अमले ने मौके पर आवैधानिक कार्यवाही का भरोसा दिलाया तब कहीं जा कर मामला शांत हुआ ।

पिथौराबाद के फुटहा तालाब के पास हो रहा अवैध उखनन

जनपद के पिथौरा बाद के फुटहा तालाब के पास बने वाटर सेड की तलैया की मेड में लंबे समय से अवैध उत्खनन आखिर किसकी सहमति से हो रहा है जिम्मेदार अधिकारी मौन है जब यह खबर सोशल मीडिया में चली हासिल जानकारी अनुसार कार्यवाही करने के बजाय अवैध उत्खननकर्ताओ को उलटे जानकारी दे मौके से भागने का पूरा मौका दे दिया ।ऐसे में आखिर भरोषा हो तो किस पर ये अहम सवाल है?

आरग्य त्रिपाठी बने उपाध्यक्ष

नागौद 29 अक्टूबर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी)ने शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इंदौर इकाई में संगठन विस्तार एवं छात्र

नेतृत्व शक्ति करण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए आरग्य त्रिपाठी को उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है ।आरग्य त्रिपाठी नागौद न्यायालय में पदस्थ अपर लोक अभियोजक बी.के. त्रिपाठी एवं एसोसिएट प्रो. डॉ शिखा त्रिपाठी के बड़े पुत्र हैं । आरग्य त्रिपाठी की इस सफलता पर परिवार के सभी सदस्यों छोटे भाई आराध्य त्रिपाठी अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

रामनगर में धूमधाम से मनेगी लौह पुरुष की जयंती

नवभारत न्यूज

रामनगर 29 अक्टूबर, कुर्मी क्षत्रिय समाज ब्लॉक इकाई रामनगर के तत्वावधान में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आयोजन आगामी 31 अक्टूबर 2025 को विधानसभा स्तरीय जयंती सम्मान समारोह पंडित चंद्रशेखर आ?ाद फुटबाल मैदान में मनाई जाएगी।

एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस का गरिमामयी आयोजन सतना सांसद गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य व रामखेलावन पटेल प्रदेशाध्यक्ष एमपी कुर्मी क्षत्रिय समाज, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित होगा, कार्यक्रम में मैहर जिले के कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक बंधु एकत्रित होकर सामाजिक, राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रनिर्माण की दिशा में जन समुदाय में जन जागरूकता का प्रसार करेंगे। कार्यक्रम व्यवस्थापक सहयोगी सुजीत पटेल ने आयोजन सम्बधी जानकारी देते हुए बताया कि आज हमें लौह पुरुष के जीवन से शिक्षा लेकर, देश, समाज, के लिए एकता के सूत्र में बंधना ही होगा, जिंसमे क्षेत्र, व जिले के सम्मानित नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रो के सभी समुदाय, वर्ग के लोगो से सम्मिलित होकर, आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

तिहाई के डॉ .तारा प्रसाद शुक्ला और उनके भाइयों ने सड़क निर्माण के लिए ढ़ाई एकड़ जमीन दी

नवभारत न्यूज

कोटर 29 अक्टूबर, ग्राम पंचायत तिहाई के वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर तारा प्रसाद शुक्ला के आग्रह पर सतना सांसद गणेश सिंह के ग्राम तिहाई से ग्राम बम्हौरी पहुंच मार्ग एवं बलखंडी बाबा से छोटकन कुशवाहा के घर तक , आर आर सी सड़क निर्माण स्वीकृत कराया है ।

तिहाई से बम्हौरी पहुंच मार्ग का निर्माण डॉक्टर तारा प्रसाद शुक्ला एवं उनके पांच भाइयों के पट्टे की निजी जमीन से किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ

समाजसेवी डॉ तारा प्रसाद शुक्ला और उनके भाइयों की लगभग 2.5 एकड़ जमीन फंसने की संभावना है जिसको सभी भाइयों ने जनहित के लिए दान देने का निर्णय लिया है। इस रोड के निर्माण से पचासों गांवों जैसे घोरकटी, घोरकाट, बछौरा, देवरी, बम्हौरी, सिगरौडा, कलवालिया, रिमारी, पटना खुर्द आदि का आवागमन सरल और सुगम हो जायेगा। क्षेत्र लोगों ने कहा कि बड़े गर्व की बात हैं जहां आज के जवाने में लोग एक, दो फिट जमीन के लिए एक दूसरे की हत्या तक कर देते हैं वहीं ऐसे दानी धर्मात्मा लोग भी पाए जाते हैं जो आज के स्वार्थी परिवेश में भी जनकल्याण का हित देखते हैं। इसलिए तो लोग कहते हैं कि आज भी धरती दानी धर्मात्माओं और शूरवीरों से खाली नहीं है।

गोपाष्टमी पर्व पर श्री सद्गुरु गौ सेवा केंद्र में हुआ गौ पूजन

▶ 28 वर्षों से निरंतर हो रही गौ सेवा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 29 अक्टूबर,परम पूज्य संत श्री रणछोड़ दास जी महाराज की प्रेरणा से श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित श्री गौ सेवा केंद्र में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ पूजन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर गौ सेवा केंद्र की संचालिका श्रीमती उषा बी. जैन, मिलोनी बेन सहित भारतभर से पधारे गौभक्त भाई-बहनों ने गौ माता का

पूजन-अर्चन कर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान संचालिका श्रीमती उषा बी.जैन ने बताया कि श्री सद्गुरु गौ सेवा केंद्र की स्थापना वर्ष 1998 में सेठ श्री अरविंदभाई मफतलाल की प्रेरणा से की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य निराश्रित, निरिह एवं वृद्ध गौमाताओं की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में केवल 50 गौवंश के साथ शुरू हुई यह गौशाला आज 1200 से अधिक गौमाताओं की सेवा का पवित्र केंद्र बन चुकी है। गौशाला में गौ माता के लिए चारे-भूसे की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ गौमाताओं के लिए चिकित्सीय सुविधाएं भी श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही यह गौशाला क्षेत्र की विकसित गौशालाओं में आदर्श है तथा इसमें गौ माता का समुचित पंजीयन डिजिटल रूप से आधुनिक रूप से रखा जाता है । पूजन कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गौमाता की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया और 'गौ माता की जय' के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

समाजसेवी प्रदीप गुप्ता मानवाधिकार संरक्षण संगठन एचआरडी के जिलाध्यक्ष मनोनीत

नवभारत न्यूज

सतना 29 अक्टूबर, मानवाधिकार संरक्षण संगठन एचआरडी के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में नियुक्ति प्रभारी डी .डी .चतुर्वेदी के अनुशंसा में महिला सेल प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती डॉ. शोभा गुप्ता महिला सेल प्रदेश संरक्षक हेमलता कोठारी महिला सेल प्रदेश महा सचिव श्रीमती शुभप्रभा एवं भोपाल संभाग प्रभारी भीम सिंह वर्मा के सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने सतना के युवा समाजसेवी प्रदीप गुप्ता को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है । संगठन के द्वारा श्री गुप्ता को महत्वपूर्ण

जिम्मेदारी सौंपते हुए उम्मीद है की आप प्रदेश, संभाग, जिला, तहसील, ब्लाक स्तर पर व्यापक भूमिका निभाकर मानव अधिकार के प्रति आवाज बनकर शासन तक उनकी आवाज उठाकर मानव केअधिकार का हनन नहीं होने देंगे और संगठन के उद्देश्य को जन सामान्य तक पँहुचा कर अपने किए गए कार्य से मानव सेवा का कार्य करते रहेंगे।

ग्रामोदय गौशाला में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने किया सपरिवार गोपूजा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 29 अक्टूबर ।गोपाष्टमी की पावन तिथि पर आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूरी श्रद्धा के साथ ग्रामोदय विश्वविद्यालय की गौशाला में सपरिवार पहुंच कर वैदिक विधि से गोपूजा और अर्चना की।

प्रो मिश्रा ने इस मौके पर गौशाला की गायों और गोवंशो को अपनी घरेलू रसोई में तैयार पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, गुड, खोए के लडडू आदि खिलाए। प्रो मिश्रा ने ग्रामोदय गौशाला में पल रही गायों, बछिया, बैलों, बछड़ों को दुलारते हुए अपना आत्मीय गौ प्रेम प्रकट किया। इस कार्यक्रम का संयोजन कर रहे गौशाला के प्रभारी डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के सपरिवार आगमन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कहा कि गोपाष्टमी महत्वपूर्ण त्योहार

है, जो भगवान श्रीकृष्ण की गोचारण लीला से जुड़ा है। इस दिन गायों की पूजा और सेवा करने से सुख, समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने गोपाष्टमी मनाए जाने के महत्व और औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गोपाष्टमी के दिन गायों की पूजा की जाती है।गाय के शरीर में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए उनकी पूजा करने से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गोपाष्टमी के दिन गायों की पूजा और सेवा करने से घर में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य बढ़ता है। गोपाष्टमी के दिन गायों की पूजा और सेवा करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। प्रो मिश्रा ने गोसेवा का महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस दिन गायों को चारा, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है इस अवसर पर कृषि संकाय के शिक्षक, कर्मचारी और गौशाला स्टाफ मौजूद रहा।

ब्रजनन्दन तिवारी म . प्र .शिक्षक कांग्रेस मैहर जिला के जिलाध्यक्ष नियुक्त

नवभारत न्यूज

सतना 29 अक्टूबर, शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष सतीश शर्मा ने ब्रजनंदन तिवारी को मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला मैहर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

उनके जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर रमाकांत द्विवेदी पूर्व प्रांताध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस अशोक प्रताप सिंह कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, सुनील मिश्रा प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सतना,वाल्मीक शुक्ला जिला अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला सतना,गोपाल शरण सिंह

सेवानिवृत्ति प्राचार्य यमुना द्विवेदी संतोष सिंह , एस बी सिंह, आर के बाजपेई, प्रमोद तिवारी,जी आर सिंह ,बच्चा सिंह, विमलेंद्र सिंह,भुवनेश्वर शर्मा राजकुमार सिंह राजाराम गर्ग, राजीव तिवारी, प्रभात गौतम,कन्हैया तिवारी,रंग बहादुर सिंह भदोरिया, राजेश पयासी ,आरडी द्विवेदी जितेंद्र द्विवेदी विकल्प गौतम राकेश मिश्रा विकल्प गौतम के के शुक्ला भानु प्रताप सिंह नागेंद्र द्विवेदी आदि ने शुभकामना प्रेषित की है।

केजीएन किंग्स एवं आरसी ने जीते अपने - अपने मैच

▶ छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति केपीएल क्रिकेट लीग के पांचवें दिन

नवभारत न्यूज

कोठी 29 अक्टूबर, इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर कोठी के खेल मैदान में जारी अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन दो मैच खेले गए जिसमें केजीएन किंग्स एवं आरसी ने जीते अपने अपने मैचों में जीत दर्ज की।

पहला मैच केजीएन किंग्स एवं एसटीएल के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए केजीएन किंग्स की टीम ने 8 विकेट पर 149 रन बनाए और एसटीएल

की टीम को 150 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसटीएल की टीम मात्र 58 रन ही बना पाई और बुरी तरह मैच हार गई पहले मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद जीशान रहे जिन्होंने शानदार बैटिंग की । आयोजन समिति के सचिव हाजी मोहम्मद इकराम ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। पांचवें दिन का दूसरा मैच आरसी एवं टीडी के मध्य खेला गया जिसमें आरसी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 135 रन बनाए, 136 रनों का पीछा करने उतरी टीडी की टीम 132 रन ही बना पाई और तीन रनों से मैच हार गई और आरसी की टीम ने अगले दौर में प्रवेश किया आरसी की टीम के खिलाड़ी जय सिंह को मैच में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज के मैच के दौरान आयोजन समिति के सचिव हाजी मोहम्मद इकराम तथा सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे और मैच का आनंद उठाया।